## एक नजर में

### माँ नर्मदा को चुनरी अर्पित की

**हंडिया 5 अगस्त** भोपाल के साधक संत गुरू देव दादा भाई के सानिध्य में माँ नर्मदा मैया को चुनरी अर्पित की गई! इस चुनरी यात्रा का शुभारंभ मालवा क्षेत्र के करण सिंह यादव पूनम विशनोई, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप साहू,सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। नेमावर नर्मदा तट पर आघगौड ब्रह्मण्ण समाज कि धर्मशाला में आयोजित स?गीतमय, शिव महापुराण का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में साधक संत दादा जी परहित सेवा संस्थान खातेगांव (भोपाल) के सानिध्य में एक विशाल चुनरी यात्रा माँ नर्मदा को अर्पित करने हेतु सिद्धानाथ मन्दिर नर्मदा घाट पहुंची जहां विधि- विधान के साथ माँ का पूजन किया गया ।तथा चुनरी अर्पित की गई।

# बिना सूचना बैंक ने नीलाम किया सोना

## पीड़िता ने थाने में की शिकायत, पुलिस मामले की जांच में जुटी

पीड़िता करिश्मा लोवंशी ने बताया कि मैने आईसीआईसीआई बैंक से गोल्ड लोन लिया था, जिसमें उन्होंने 2 जोड़ी पांचाली कुल 11 ग्राम सोना गिरवी रखा था। लोन की अवधि और स्थिति को लेकर उन्हें कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई, और न ही कोई अंतिम नोटिस या चेतावनी पत्र भेजा गया।

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 05 अगस्त 2025,** सिवनी मालवा तहसील अंतर्गत ग्राम बिसोनी कला की रहने वाली करिश्मा लोवंशी पति जितेन्द्र लोवंशी ने आईसीआईसीआई बैंक, शाखा सिवनी मालवा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सिवनी मालवा थाने में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक द्वारा उनकी जानकारी और सहमति के बिना उनकी गिरवी रखी गई सोने की ज्वेलरी नीलाम कर दी गई। पीड़िता करिश्मा लोवंशी ने बताया कि मेने आईसीआईसीआई बैंक से गोल्ड लोन लिया था, जिसमें उन्होंने 2 जोड़ी पांचाली कुल 11 ग्राम सोना गिरवी रखा था। लोन की अवधि और स्थिति को लेकर उन्हें कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई, और न ही कोई अंतिम नोटिस या चेतावनी पत्र भेजा गया। इसके बावजूद, दिनांक 29 जुलाई 2025 को बैंक द्वारा उनके सोने की नीलामी कर दी गई। करिश्मा ने बताया कि जब उन्हें इस नीलामी की जानकारी मिली, तो वे तुरंत बैंक पहुँचीं और वहाँ उपस्थित बैंक प्रबंधक से इस विषय में चर्चा करना चाहा। लेकिन उनके अनुसार, बैंक मैनेजर ने न केवल उनकी बात को अनसुना किया, बल्कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। पीड़िता ने थाना सिवनी मालवा में शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और उनके सोने की नीलामी में हुई अनियमितताओं के लिए संबंधित बैंक अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए। पुलिस ने करिश्मा लोवंशी का शिकायती आवेदन प्राप्त कर लिया है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

**इनका कहना है।**

इस सम्बंध में थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया की एक युवती ने बैंक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

पूरे मामले में सिवनी मालवा के शाखा प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया गया परन्तु उन्होंने फ़ोन ही नहीं उठाया।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनसे करीब साढ़े तीन लाख रुपए का माल बरामद किया है। ये बदमाश रेलवे स्टेशन पर खड़ी यात्री ट्रेनों में रात्रि के समय मोबाइल और पर्स चोरी करते थे। ट्रेनों में मोबाइल चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए एसपी रेल राहुल कुमार लोढ़ा द्वारा चलाये जा रहे अभियान में एएसपी रेल श्रीमती नीतू सिंह डावर, डीएसपी महेन्द्र सिंह कुल्हारा के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में जीआरपी की टीम ने इटारसी मालगोदाम के पास मुखबिर की निशानदेही पर दो लड़कों को पकड़ा जो चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में थे। उनके बैग में रखे कुल 14 मोबाइल मिले। बदमाशों ने अपना नाम अंकित दोहरे उर्फ सोनू पिता जसवंत दोहरा 21 वर्ष, निवासी जिला भिंड और सौरभ राजावत पिता जगत सिंह 21 वर्ष निवासी भिंड बताया। दोनों ने पूछताछ में बताया कि ये लोग सोते समय यात्रियों के मोबाइल चोरी करते थे। उनसे चोरी के मोबाइल जब्त किये हैं जो मालिकों की तलाश करके उनको सौंपे जाएंगे। दोनों आरोपियों के पूर्व का आपराधिक रिकार्ड होने से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उनको केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया है। सौरभ राजावत पूर्व से ही अपराधी रहा है जिसको इटारसी पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। दो मामलों में न्यायालय ने सौरभ की गिरफ्तारी के लिए वर्ष 2021 मं दो स्थायी वारंट जारी किये थे। उक्त दोनों वारंटों में भी सौरभ को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी संजय चौकसे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक श्रीलाल पडरिया, प्रधान आरक्षक रानू अतुलकर, लीलाधर रघुवंशी, दिलीप सेन, आरक्षक दीपक सेन, बलवंत, राजेन्द्र दायमा, विजय पंद्राम, राम शंकर, अमित कुशवाह, माया शंकर, संतोष पटेल की टीम शामिल थी।

### तीन बार जनसुनवाई में पहुंचे फिर भी नहीं हुई सुनवाई

**हरदा, 05 अगस्त** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अंतर्गत वर्षों से समर्पित रूप से कार्य कर रहे कर्मचारियों ने एक बार फिर अपनी व्यथा लेकर जनसुनवाई का दरवाजा खटखटाया। लगातार तीसरी बार जनसुनवाई में पहुंचे इन कर्मचारियों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को ज्ञापन सौंपकर वेतन विसंगति, सामाजिक सुरक्षा और स्थायीत्व जैसी मूलभूत मांगों को दोहराया। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने पहली बार 23 जुलाई को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया था। कुछ कार्यवाही नहीं हुई, उसके बाद 30 जुलाई को पुन : जनसुनवाई में शामिल होने पहुंचे, लेकिन स्थान परिवर्तन के कारण वे आवेदन जमा नहीं कर सके। 5 अगस्त को तीसरी बार पहुंचे, तब जाकर उन्हें कलेक्टर से मिलने और अपनी बात रखने का अवसर मिला। कलेक्टर ने संपूर्ण मामला सुनकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# ग्राम रोहना स्थित स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** समीपस्थ ग्राम रोहना स्थित महाराणा प्रताप मॉडल हाई स्कूल की बस आज सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में तीन दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये हैं। सभी का उपचार नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम में चल रहा है। बताया जाता है कि बस किसी अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकरा गई। मिली जानकारी के अनुसार बस करीब 21 बच्चे घायल हुए हैं।

किसी को कोई गंभीर चोट नहीं होने की जानकारी सामने आयी है। सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया.

# संकुल प्राचार्य ने किया हाई स्कूल का निरीक्षण

**सिवनी मालवा** शासकीय नवीन हाई स्कूल झकलाय का संकुल प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल ने शैक्षणिक एवं अकादमी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, साथ शासन की योजना अंतर्गत, एक पेड़ मां के नाम से, पौधे रोपने हेतु विद्यार्थियों को पौधे भी भेंट किये और विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि पौधे जब पेड़ बनेंगे तो हमें पर्यावरण के संतुलन में, ऑक्सीजन की प्राप्ति, ग्लोबल वार्मिंग की कमी के साथ ही साथ प्राकृतिक सौंदर्य वातावरण की उपलब्धता होगी।

# एनसीसी जूनियर विंग कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम।** समेरिटस स्कूल के 2023 के जूनियर विंग के एनसीसी केडिट्स को मंगलवार को एक समारोह में संस्था द्वारा ए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर केडेट्स को एकता और अनुशासन की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, आरके सिंह, उप प्राचार्य आरके रघुवंशी, विक्रांत खंपरिया, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, सेकेंड अआफीसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, एनसीसी केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय एवं शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थी एवं एनसीसी केडिट्स उपस्थित थे।

# विभिन्न मिष्ठान भण्डारों की जाँच की

**नर्मदापुरम** जिला प्रशासन के निर्देशन में लगातार त्योहारो को दृष्टीगत् रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन नर्मदापुरम ने मंगलवार 05 अगस्त को तहसील सिवनी मालवा में विभिन्न मिष्ठान भण्डारो की जाँच की गयी। जिसमें मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह राणा द्वारा आमेदा स्वीट्स से मिल्क केक का नमूना, राहुल स्वीट्स से मिल्क केक, बादाम बर्फी, ओम राजस्थान मिष्ठान भण्डार बस स्टेण्ड बनापुरा, से मावा, मिल्क केक, मावा बर्फी, श्री राजस्थान स्वीट्स बनापुरा से मिल्क केक एवं बेसन लड्डू के नमूने जाँच हेतु लिए गए.

# राजपूत सेना ने इंसाफ दिलाने का उठाया बीड़ा

**नवभारत न्यूज**

**शोभापुर, 05 अगस्त** ग्राम के मध्य में स्थित शहीद दिनेश सिंह स्मारक का मुद्दा निरंतर क्षेत्र एवं नगर में धीरे-धीरे आग की तरफ फैलते जा रहा है । जिसके चलते श्री राजपूत करणी सेना के नवनिर्मित जिला अध्यक्ष इकलेश ठाकुर ने बताया कि हम समस्त युवाओं द्वारा 8 अगस्त समय दोपहर 1.00 बजे स्थान श्री रामलीला मैदान शोभापुर से वाहन रैली निकाली जा रही है । यह रैली शोभापुर ग्राम से सोहागपुर तक पहुंचेगी तत्पश्चात वहां पर एसडीएम साहब को कलेक्टर महोदया के नाम ज्ञापन देकर अवगत कराएगी कि ग्राम शोभापुर के शहीद दिनेश सिंह स्मारक जो आज संपूर्ण रूप से गंदगी से घिरा हुआ है उसे जगह का पुनर्निर्माण किया जाए एवं शाहिद को पूरा सम्मान देते हुए वहां पर स्टैचू रखवाया जाए । वही बजरंग दल से रोहित सिंह ठाकुर का कहना है जो शहीद इस मातृभूमि के लिए आज से 23 साल पहले अपने प्राणों का बलिदान देकर भारत माता की गोद में जा बैठे हैं । आज उनकी ही समाधि पर गदंगी है.

# महाकाल की विशाल सवारी निकली

**पिपरिया** भगवान महाकाल की विशाल सवारी निकाली गई इस दौरान भारी तादाद में भक्तजन शामिल रहे। रिपटा मंदिर साडिया रोड से भगवान महाकाल की सवारी निकाली गई इस अवसर पर जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गये,जय माता दी समिति सहित अनेकों समितियों ने पुष्प वर्षा की । मंगलवारा चौराहे पर अरविंद राय सहित धर्मप्रेमियों ने भगवान महाकाल की पूजन अर्चन की वही नागरिको ने जगह जगह पूजन अर्चन,आरती की।

# प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

खाने पीने कि चीजों से लेकर रग रोगन भी आम आदमी की पहुँच से दूर

**नवभारत न्यूज**

**हंडिया 5 अगस्त** नगर में त्यौहारों को लेकर जहां आम लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। तो वही दूसरी तरफ मंहगाई डायन के चलते मंहगाई का ग्राफ दिनों दिन बढता जा रहा है। खाने पीने कि चीजों से लेकर रग रोगन भी आम आदमी कि पहुँच से दूर होती जा रही है। पहले की अपेक्षा त्यौहार भी फीके पडते जा रहे हैं। मूर्तिकार बलराम प्रजापति का कहना है कि गणेश प्रतिमाओं के निर्माण में प्लास्टर आफ पेरिस रंग रोगन की मूल्य वृद्धि में कमी को लेकर पहले गणेश प्रतिमाओं का व्यवसाय के चलते छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाओं कि मांग 250 से 300 मूर्तियों की ब्रिकी हो जाती थी। मगर अब 100 मूर्तियां ही बड़ी मुश्किल से बिक पाती है। उसके लिए हमें 1 महिने पूर्व से तैयारी करना पडती है। इन्दौर से प्लास्टर आफ पेरिस गणेश प्रतिमाओं के फर्मे वाटर कलर सहित अन्य सामग्री लानी पड़ती है। तब कही हम रोजीरोटी चला पाते हैं।

# केन्द्रों पर लग रही ट्रालियों की लंबी लाइन

**पिपरिया** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान अमानक मूंग केन्द्रो पर आने की शिकायते खत्म नही हो रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता के कारण कई केन्द्रो पर अमनक मूंग तुलते तुलते रूक रही है ।समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान सहकारी समितियों के केन्द्रो पर पिपरिया व बनखेडी क्षेत्र में सैकडो की तादाद में ट्रालियां लाइन में लगी हुई है जिससे किसान परेशान हो रहे हैं.

# प्राथमिक शाला में पाठ्य सामग्री बांटी

**माखन नगर** ब्लॉक के प्राथमिक शाला नया घोड़ानार में मानव उत्थान समिति द्वारा सभी बच्चों को पाठ सामग्री का वितरण किया गया समिति प्रमुख बाई जी ने सभी बच्चों के के उज्ज्वल भविष्य की कामना की शाला द्वारा समिति से इसी प्रकार सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की.

# लायंस क्लब मैत्री ने लगाया नि :शुल्क डायबिटीज कैंप

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 05 अगस्त** लायंस क्लब इटारसी मैत्री के द्वारा पशुपतिनाथ धाम मंदिर प्रांगण मे निशुल्क डायबिटीज जांच शिविर लगाया. जिसमें सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने निशुल्क डायबिटीज चेकअप कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाया. इस दौरान चेकअप कराने के बाद लाभार्थियों को लायंस क्लब की सचिव लायन श्वेता वशिष्ठ द्वारा डायबिटीज के चेकअप के बाद स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए उन्हें जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया गया.लायंस क्लब इटारसी मैत्री की अध्यक्ष लायन बरखा पटेल ने इस अवसर पर कहा कि हम समय-समय पर शहर के अलग-

अलग क्षेत्र में इसी तरह निशुल्क डायबिटीज चेकअप कैंप लगाते रहेंगे. इस अवसर पर लायन निशा जैन, लायन बरखा पटेल , लायन श्वेता वशिष्ठ, लायन निशा चतुर्वेदी ,लायन रुचि शर्मा, लायन दीप्ति मेहतो सम्मिलित हुई. कार्यक्रम को सफल बनाने में पशुपति नाथ धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री मेहरबान सिंह चौहान का विशेष सहयोग रहा.

# विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम को ज्ञापन उच्चशिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौप शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में 25 प्रतिशत सीट वृद्धि की मांग की। अभाविप के पदाधिकारी सदस्यों ने एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव को सौपे ज्ञापन में बताया कि शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में विद्यार्थी प्रवेश पाने के लिये एक माह से परेशान हो रहे है परंतु सीट कम होने की वजह से विद्यार्थियों को प्रवेश नही मिल पा रहा है। विद्यार्थियों के लिये एक मात्र व्यवस्थित शहीद भगत सिह पीजी कालेज है। अभी भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित हैं.

# महाराष्ट्र के 40 प्राचार्यों का विद्यालय में प्रेरणादायी आगमन

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 05 अगस्त** विद्याभारती योजनानुसार संचालित सरस्वती शैक्षिक यात्रा के अंतर्गत आज सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय हरदा में विदर्भ एवं देवगिरी प्रांत (महाराष्ट्र) से आए प्रांत संगठन मंत्री शैलेष जोशी, प्रांत सहमंत्री समीर थोडगे तथा महाराष्ट्र प्रांत के 40 प्रतिष्ठित प्राचार्य एवं व्यवस्थापकगणों का प्रेरणादायी एवं गौरवमयी आगमन हुआ। यह शैक्षिक यात्रा मुख्यत: विद्याभारती द्वारा संचालित विद्यालयों के सर्वांगीण विकास हेतु एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करने, नवाचारों को देखने व समझने तथा श्रेष्ठ शैक्षिक व्यवस्थाओं को आत्मसात करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

आगंतुक प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित आधुनिक शिक्षण पद्धतियों,सांस्कृतिक एवं संस्कार केंद्रित कार्यक्रमों, प्रयोगशाला, पुस्तकालय,योग, खेल व विज्ञान नवाचार कक्षाओं का विशेष रूप से निरीक्षण किया ।प्राचार्य देवानंद सोनार ने अतिथियों को विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों की जानकारी दी, जिसे सभी आगंतुकों ने अत्यंत सराहा। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन, नैतिक मूल्य-निर्माण और विद्यार्थियों की प्रतिभा को अत्यधिक प्रेरणादायक बताया। अंत में शैलेष जोशी जी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालय ही राष्ट्र निर्माण के सच्चे स्तंभ होते हैं। संस्कार, शिक्षा और सेवा का समन्वय इस विद्यालय की पहचान है। इस अवसर पर विद्यालय में एक सनातन कक्ष का भी उद्घाटन हुआ।

# सामुहिक रूप से रूद्राभिषेक किया

**पिपरिया-** शनिमंदिर तहसील तिगड्डे के पास श्रावण सोमवार के दिन भगवान शंकर का विशेष अभिषेक हुआ। शनिमंदिर तहसील तिगड्डे के पास प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 जोड़ो ने सामुहिक रूप से भगवान शंकर का रूद्राअभिषेक किया। इस दौरान भारी तादाद में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# कैदियो को स्वस्थ रखना हमारा मानवीय कर्तव्य

**सिवनी मालवा** हम सभी का स्वस्थ्य रहना जरूरी है। जेलों में परिरूध्द केदियों को भी स्वस्थ्य रखना हमारा मानवीय कर्तव्य है। इसलिए समय समय पर उपजेल में केदीयो के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाते है। यह बात तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में उपजेल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर, वृक्षारोपण एवं दंत रोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने कही। न्यायाधीश श्रीमती खान ने केदियो से कहा कि आपके यदि न्यायालय के प्रकरण में कोई अधिवक्ता नही है तो आपको पैरवी करने के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता मिलेगा.

**इटारसी.** स्थानीय द्वारिकाधीश मंदिर में ग्यारस पर भक्तों ने भगवान को झूला झुलाया.

# आईजी और एसपी ने किया शिवपुर थाने का आकस्मिक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 05 अगस्त** सिवनी मालवा अनुविभाग के थाना शिवपुर का पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम रेंज मिथिलेश कुमार शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरण सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने थाने की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं जन शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आईजी व एसपी ने थाने में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली और थाना परिसर की साफ-सफाई, हथियारों की

स्थिति, मालखाना, हाजत, सीसीटीवी कैमरे, रिकॉर्ड रजिस्टर, एफआईआर पंजीयन आदि का गहन अवलोकन किया। सभी सुचारू मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना स्तर पर कार्यवाही पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ की जाए। जनसुनवाई के मामलों को गंभीरता से लेकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। एसपी गुरकरण सिंह ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि क्षेत्र में गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने कहा कि जनता की सुरक्षा और भरोसा पुलिस की प्राथमिकता है, और थाने को जनता के प्रति संवेदनशील तथा जवाबदेह बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को तत्काल दें।


In The Court of I Civil Judge, Class-I Itarsi, District Court Hoshangabad
Presiding Officer: श्री सुर्यपाल सिंह राठौर
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(MJC SUC /0000006/2025)
आशा बस्टियन.....वादी
Vs
वरिष्ठ प्रबंधक केनरा बैंक ...प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक- 12/09/2025

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता - इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.

यह कि प्रार्थी आशा बस्टियन ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अतर्गत आदेश 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के लिये वाद संस्थित किया है . आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
सुर्यपाल सिंह र ठौर
प्रथम सिविल जज, सीनियर डिवीजन इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.
टिप्पणी :-आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।